प्रेस विज्ञप्ति

इम्पैक्ट रिपोर्ट जारी: टीबी से प्रभावित लोगों के लिए व्यक्ति-केंद्रित देखभाल तक पहुंच में तेजी

टीबी मुक्त वाहिनी, बिहार के टीबी सरवाईवर्स के नेतृत्व से चल रहा नेटवर्क, के टीबी चैंपियंस कोविड-19 के दौरान टीबी से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए एक जुट हुए

पटना, 16 नवंबर, 2021: टीबी से जंग जीत चुके टीबी सरवाईवर्स उन लोगों का समर्थन करने के लिए पूरी तरह योग्य हैं जिन्हे टीबी है, और टीबी से जुड़े कई पहलुओं की एडवोकेसी यानी पैरवी करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं, और हम टीबी सरवाईवर्स और चैंपियंस को आगे आने और बिहार के टीबी उन्मूलन प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, श्री संजय कुमार सिंह आईएएस, विशेष सचिव, स्वास्थ्य सह ईडी-एनएचएम, बिहार सरकार ने कहा। वे पटना में रीच द्वारा आयोजित एक प्रसार बैठक में बोल रहे थे, जिसका आयोजन राज्य टीबी सेल, बिहार और टीबी मुक्त वाहिनी (टीएमवी), बिहार के टीबी सरवाईवर्स के नेतृत्व वाले नेटवर्क के सहयोग से, और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के समर्थन से किया गया।

टीबी उन्मूलन प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी की शक्ति के बारे में बोलते हुए, एनटीईपी, बिहार के राज्य कार्यक्रयम पदाधिकारी - टीबी, डॉ बीके मिश्र ने कहा, "कोविड-19 द्वारा उत्पन्न विभिन्न चुनौतियों के बावजूद, टीबी चैंपियंस ने टीबी से प्रभावित लोग जिनका उपचार चल रहा था, उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए टेलीकाउंसलिंग सेवाएं प्रदान किया" उन्होंने टीएमवी के सदस्यों को टीबी उन्मूलन लक्ष्यों की दिशा में अपने प्रयासों को निडरता से आगे बढ़ने और टीबी से प्रभावित समुदाय के लिए बेहतर सेवाओं की एडवोकेसी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

चेन्नई से बैठक में शामिल हुए, डॉ रम्या अनंतकृष्णन, निदेशक, रीच ने बिहार के टीबी चैंपियंस को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और दवा प्रतिरोधी टीबी को संबोधित करने पर एक आगामी पहल के बारे में बताया। "टीबी चैंपियंस डीआर-टीबी से प्रभावित लोगों के लिए उपचार से पहले परामर्श सुनिश्चित कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य बिहार के आठ जिलों में एक "पीयर" के नेतृत्व वाले, व्यक्तिगत और निर्देशित समर्थन मॉडल के माध्यम से डीआर-टीबी से प्रभावित लोगों के उपचार शुरू होने से पूर्व लोस्स टू फॉलो अप को कम करना है," डॉ रम्या ने कहा।

कोविड-19 महामारी के दौरान टीबी चैंपियंस के टेलीकाउंसलिंग प्रयासों के बारे में बोलते हुए, टीएमवी के सचिव, सुदेश्वर सिंह ने कहा, "हमने उन टीबी से प्रभावित लोगों को टेलीकाउंसलिंग सेवाएं प्रदान करना शुरू किया जिनका इलाज चल रहा था। प्रशिक्षण के बाद, टीबी चैंपियंस ने टीबी प्रभावित समुदाय तक फ़ोन के ज़रिये पहुंचना शुरू किया। उन्होंने टीबी से प्रभावित लोगों द्वारा झेली जा रही विशिष्ट समस्या के बारे में बात की और उन्होंने उन मुद्दों को हल करने के लिए एनटीईपी टीम के साथ समन्वय किया।

स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के उप कार्यकारी निदेशक डॉ. सुवानंद साहू ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से टीबी चैंपियंस से आग्रह किया कि वे स्थानीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और बेहतर बनाने के लिए COVID-19 द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को अवसरों में बदलें और उनसे सीख लें। "प्रत्येक टीबी चैंपियन अपने खुद के समुदाय में एक लीडर है और यह सामुदायिक कार्रवाई टीबी देखभाल के लिए, स्टिग्मा, भेद-भाव और लिंग संबंधी बाधाओं को दूर करने में मदद कर सकती है। हमें अब यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि टीबी से प्रभावित लोग जो टीबी सेवाओं तक पहुंचने में असमर्थ हैं, उन्हें कार्यक्रमों से कैसे जोड़ा जाए।"

नालंदा जिले के एक टीबी चैंपियन शशि रंजन ने खुद के 40 से अधिक अन्य टीबी चैंपियंस के साथ मिलकर टीबी से प्रभावित लोगों को प्रदान की गई विभिन्न सहायता सेवाओं का वर्णन किया। "हमने यह पता लगाने की कोशिश की कि क्या वर्तमान में जिनका इलाज चल रहा है, क्या उनके पास पर्याप्त दवाएं हैं और यह सुनिश्चित किया कि वे अपने फॉलो-अप परीक्षणों के लिए जाएँ। हमने इलाज पूरा करने के महत्व को दोहराया और मनोसामाजिक सहायता प्रदान की। हम उन लोगों को भी इलाज पर वापद लाए जो इलाज के बीच में छोड़ चुके थे। हमने जिले में एनटीईपी कर्मचारियों के साथ समन्वय किया और आने वाली किसी भी समस्या को हल करने में सक्षम थे," शशि ने कहा।

चैलेंज फैसिलिटी फॉर सिविल सोसाइटी तंत्र के माध्यम से स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के समर्थन से, रीच द्वारा कार्यान्वित एक साल तक चलने वाली परियोजना की परिणति को चिह्नित करने के लिए इस बैठक का आयोजन किया गया थी। इस अवसर पर एक इम्पैक्ट रिपोर्ट जारी की गई और परियोजना के प्रमुख परिणामों और उपलब्धियों का सारांश दिया गया, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं - राज्य के 14 जिलों के 290 से अधिक टीबी से प्रभावित लोगों को टीबी और प्रमुख मुद्दों पर जानकारी दी गई; टीबी चैंपियंस द्वारा प्रदान की जाने वाली टेलीकाउंसलिंग सेवाओं के माध्यम से टीबी से प्रभावित 9500 से अधिक

लोगों को सहायता मिली; समुदाय के 2800 से अधिक लोगों ने चैंपियंस द्वारा टीबी के बारे में जानकारी प्राप्त की; और टीबी से प्रभावित 8500 से अधिक लोगों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार पर परामर्श दिया गया और टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया। रिपोर्ट में टीबी मुक्त वाहिनी के सुदृढ़ीकरण और विकास की दिशा में विभिन्न पहलों पर भी प्रकाश डाला गया है।

इस अवसर पर टीबी मुक्त वाहिनी के 10 जिला इकाई के सदस्यों ने प्रतिबद्धता के एक चार्टर को लॉन्च किया और उस पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने टीबी प्रभावित समुदायों को नेटवर्क द्वारा प्रदान किए जाने वाले किये जाने वाले कार्य और समर्थन को दोहराया।

टीबी मुक्त वाहिनी के बारे में

टीबी-मुक्त वाहिनी (टीएमवी) टीबी पर विजय प्राप्त कर चुके हुए लोगों का पहला इस प्रकार का नेटवर्क है। टीएमवी का जन्म 2017 में बिहार में टीबी सरवाइवर्स के लिए पहली क्षमता विकास कार्यशाला के परिणामस्वरूप हुआ था जिसे यूएसएआईडी द्वारा समर्थन किया गया था। सात जिलों के तेरह टीबी चैंपियंस ने टीएमवी के गठन की घोषणा की, और टीबी के लिए एक अधिकार-आधारित, व्यक्ति-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में काम करने का उनका इरादा है। टीएमवी ने विभिन्न टीबी से प्रभावित लोगों का सहयोग किया है, समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाया है और विभिन्न हितधारकों के साथ वकालत भी की है।

REACH के बारे में

रिसोर्स ग्रुप फॉर एजुकेशन एंड एडवोकेसी फॉर कम्युनिटी हेल्थ (रीच) की स्थापना 1999 में तमिलनाडु में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) जारी होने की प्रतिक्रिया के रूप में हुई थी । टीबी चैंपियंस को क्षमता निर्माण कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया था, जिसे स्टॉप टीबीशिप द्वारा समर्थित सीएफसीएस परियोजना के तहत रीच के जनादेश के अनुसार आयोजित किया गया था।

हमसे संपर्क करें

Sudeshwar Singh @ TMV: 94728 85864